## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी होली पर्व की शुभकामनाएं



सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जिले के सभी आमजनों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि होली आपसी सद्भाव और प्रेम मिलन का त्यौहार है। इसे सद्भाव के साथ मनाएं। होली पर्व में किसी तरह का अमर्यादित आचरण न करें। सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर होली का पर्व मनाएं।

### मैहर कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी होली की शुभकामनाएं



सतना। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के समस्त नागरिकों को होली के त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा है कि सामाजिक समरसता,सौहार्द व रंगोल्लास का प्रतीक यह पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि इस पर्व को सद्भाव से मनाएं एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### आज बंद रहेगा व्हाइट टाइगर सफारी

सतना। महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर के संचालक ने बताया कि 14 मार्च 2025 को होली अवकाश होने के कारण व्हाइट टाइगर सफारी पर्यटकों के भ्रमण के लिए बंद रहेगा। 15 मार्च 2025 को मुकुन्दपुर निर्धारित समयानुसार पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

### सतना जिले में आज शुष्क दिवस घोषित

सतना। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने 14 मार्च को संपूर्ण सतना जिले के लिये शुष्क दिवस घोषित रखने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत आदेश जारी करते हुये 14 मार्च 2025 शुक्रवार अर्थात होली (जिस दिन रंग खेला जायेगा) का त्यौहार होने पर कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इसके अनुसार 13 मार्च को रात्रि 11:30 बजे से 14 मार्च 2025 को सायं 5 बजे तक संपूर्ण सतना जिले में स्थित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, होटल बार (एफ.एल.-3) पूर्णतः बंद रखी जायेगी। इस अवधि में मदिरा दुकानों पर विक्रय तथा मदिरा परिवहन पूर्णतः निषेध रहेगा।

### जिले में आज शुष्क दिवस घोषित

सतना। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मैहर रानी बाटड ने 14 मार्च को संपूर्ण मैहर जिले के लिये शुष्क दिवस घोषित रखने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत आदेश जारी करते हुये 14 मार्च 2025 शुक्रवार अर्थात होली (जिस दिन रंग खेला जायेगा) का त्यौहार होने पर कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इसके अनुसार 13 मार्च को रात्रि 11:30 बजे से 14 मार्च 2025 को सायं 5 बजे तक संपूर्ण मैहर जिले में स्थित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें,होटल बार (एफ.एल.-3) पूर्णतः बंद रखी जायेगी। इस अवधि में मदिरा दुकानों पर विक्रय तथा मदिरा परिवहन पूर्णतः निषेध रहेगा।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक 19 मार्च को

सतना। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक 19 मार्च 2025 को सायं 5 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने को कहा है।

# मैहर में सिग्नल दिया गया था मंडपम एक्सप्रेस को.. चला दी चित्रकूट एक्सप्रेस!!

### बड़ा हादसा टला, दो एलआई समेत पांच रेल कर्मचारी सस्पेंड, बैठाई गई जांच

सतना।

**पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों की मैहर में घोर लापरवाही सामने आई है। गनीमत तो यह रही की कोई रेल हादसा नहीं हुआ।**

वाक्या कुछ ऐसा है कि यहां पर सिग्नल मंडपम एक्सप्रेस को दिया गया था लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने उस सिग्नल पर चित्रकूट एक्सप्रेस को चला दिया। घटना की तत्काल बाद दो एल आई समेत पांच रेल कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए जांच बैठा दी गई है।





#### सोमवार और मंगलवार की रात हुई घटना

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत मैहर स्टेशन पर 3 दिन पहले (सोमवार-मंगलवार) की दरमियानी रात को उस समय एक बड़ा रेल हादसा टल गया। जब गाड़ी संख्या 15205 लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस को देर रात 2.20 बजे के लगभग प्लेटफार्म नंबर 3 पर रोका गया। इस दौरान यहां से गाड़ी संख्या 22536 वाराणसी-मंडपम एक्सप्रेस को मेन लाइन से थ्रू निकालने के लिए ग्रीन सिग्नल दिया गया। किंतु चित्रकूट एक्सप्रेस के चालक ने इसे अपनी गाड़ी का सिग्नल समझकर गाड़ी आगे बढ़ा दी,जो डेड एंड में चली गई और इंजिन का एक पहिया पटरी से उतर गया। इस घटना की जानकारी लगते ही जबलपुर मंडल मुख्यालय,पमरे मुख्यालय में हड़कम्प मच गया। तत्काल ही ट्रेन के लोको पायलट,असिस्टेंट लोको पायलट,ट्रेन मैनेजर व 2 लोको इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है।

#### 4 घंटा विलंब से पहुंची ट्रेन

इस घटनाक्रम के चलते ट्रेन लगभग 4 घंटा विलंब से जबलपुर पहुंची। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मैहर स्टेशन पर लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस को रात लगभग 2.30 बजे तीन नंबर प्लेटफार्म पर रोका गया था। पीछे से वाराणसी-मंडपम एक्सप्रेस को थ्रू निकालना था,जिसके लिए स्टेशन मास्टर ने मेन लाइन पर गाड़ी संख्या 22536 को ग्रीन सिग्नल दिया। लेकिन चित्रकूट एक्सप्रेस के लोको पायलट बालाजी गुप्ता,सहायक लोको पायलट सूर्यकांत द्विवेदी ने इसे अपनी गाड़ी का सिग्नल समझा और लोको पायलट ने वाकी टाकी पर ट्रेन मैनेजर (गार्ड) कृष्ण कुमार से ट्रेन आगे चलाने की बात कहते हुए सिग्नल एक्सचेंज किया।जैसे ही ट्रेन आगे बढ़ी,यह गाड़ी सीधे डेड एंड में चली गई और इंजन का एक पहिया पटरी से भी उतर गया।जिस पर तत्काल ही लोको पायलट ने इंजिन को पीछे खींचा तो पहिया पटरी पर आ गया,किंतु वर्तमान में जिस प्रकार की अत्याधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम है, ट्रेन के सिग्नल तोड़ कर आगे जाने की घटना स्टेशन मैनेजर व जबलपुर स्थित कंट्रोल रूम को तत्काल लगी।

#### मचा हड़कम्प, इनको किया सस्पेंड

घटना की जानकारी लगते ही तत्काल ही सबसे पहले एलपी बालाजी गुप्ता,एएलपी सूर्यकांत द्विवेदी व ट्रेन मैनेजर कृष्ण कुमार को सस्पेंड किया गया और इनके स्थान पर दूसरे स्टाफ को ट्रेन लेकर जबलपुर के लिए लगभग 4 घंटे बाद रवाना किया गया। वहीं लोको पायलट-एएलपी के लिए जो लोको इंस्पेक्टर नियुक्त थे,उनमें एलआई अशोक कुमार,बीके मिश्रा को भी निलंबित किया गया है।

#### स्टेशन मैनेजर पर सवालिया निशान

सूत्रों के मुताबिक इस घटनाक्रम में मैहर के स्टेशन मैनेजर की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगे हैं। क्योंकि जिस समय चित्रकूट एक्सप्रेस के एलपी व ट्रेन मैनेजर वॉकी टॉकी पर अपनी ट्रेन का सिग्नल होने की बात कहकर ट्रेन आगे बढ़ाने की बात कह रहे थे, उस समय वॉकी टॉकी से स्टेशन मैनेजर भी जुड़ थे। उस समय तत्काल स्टेशन मैनेजर को उन दोनों को रोककर कहना था कि यह सिग्नल उनकी ट्रेन के लिए नहीं था,किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया।

#### एलआई ट्रेन में नहीं थे,फिर भी कार्रवाई

वहीं इस घटनाक्रम में दो एलआई को सस्पेंड किये जाने पर यह सवाल उठ रहे हैं कि जब दोनों एलआई घटना के समय ट्रेन में नहीं थे तो उन पर कार्रवाई क्यों,दोनों एलआई समय-समय पर एलपी व एलपी को सुरक्षा व संरक्षा के साथ ट्रेन संचालन की काउंसलिंग करते रहे हैं। बाद में जब वे इसका पालन नहीं करें तो एलआई पर सवाल क्यों।

#### अधिकारी घटना को करते रहे टाल मटोल

बताया जाता है कि इतनी बड़ी घटनाक्रम की जानकारी सीनियर डीईई टीआरओ लगातार अपने वरिष्ठ अफसरों से छुपाते रहे। खासकर पमरे मुख्यालय में सही जानकारी नहीं दी जाती रही। रेलवे बोर्ड को भी समय पर पूरी जानकारी नहीं दी गई। बाद में जब अलग-अलग सूत्रों से वरिष्ठ अफसरों को घटनाक्रम की जानकारी लगी तो सीनियर डीईई टीआरओ से नाराजगी व्यक्त किये जाने की भी खबर है।



## मैहर में कार ने किशोर को कुचला, ट्रक से टकराकर खाई में गिरा ऑटो

### 7 यात्री घायल, ड्राइवर की लापरवाही से हुई घटना

**सतना।** मैहर में गुरुवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक किशोर की मौत हो गई। जबकि 7 लोग घायल हो गए।पहला हादसा सोनवारी टोल के पास सुबह साढ़े 11 बजे हुआ।एक तेज रफ्तार ट्रक ने सवारियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो खाई में जा गिरा। इस हादसे में ऑटो में सवार सभी 7 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**घर के बाहर बैठे किशोर की मौत-** दूसरा हादसा ग्राम पंचायत हिनौता कला में दोपहर 12 बजे हुआ। 15 वर्षीय गोकर्ण पटेल उर्फ चंदू पटेल अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो एमपी 19-जेड एच-6757 ने उसे कुचल दिया। हादसे में किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।हिनौता के रहने वाले स्कॉर्पियो चालक प्रदीप सोनी पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## बिजली का तार चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार



सतना।

उचेहरा थाना पुलिस ने विद्युत खंभों से तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 3 बंडल तार,चोरी में प्रयुक्त उपकरण कटर तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 9 और 10 मार्च की दरमियानी रात बिजली के खंभों से विद्युत तार चोरी की घटना घटी थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं थाना प्रभारी उचेहरा सतीश मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे उस समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया,जब वे चोरी किए गए तारों को बेचने के लिए जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम पिंटू सिंह उर्फ हीरालाल सिंह पिताः स्व. अच्छेलाल सिंह,उम्र 22 वर्ष,निवासी बिहटा,थाना उचेहरा,ज्योतिरादित्य वेंकट रमन उर्फ जेके पिताः सन्तभान सिंह पटेल,उम्र24 वर्ष,निवासी बिहटा,थाना उचेहरा,सत्यम गुप्ता उर्फ अमित गुप्ता पिताः स्व .रामकरण गुप्ता,उम्र 34 वर्ष,निवासी करही खुर्द,थाना उचेहरा,शनि कोल (पिताः रामसुख कोल,उम्र 22 वर्ष, निवासी पिथोराबाद,थाना नागौद और अमित कोल पिताः मल्लू कोल,उम्र 23 वर्ष, निवासी पिथोराबाद,थाना नागौद है। आरोपियों के कब्जे से 4.5 लाख की चोरी के तार व अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

### शहर में ढाई सौ स्थान पर होलिका दहन,आज रंगों का त्योहार होली

## एक दूसरे को तिलक लगा गले मिलकर मनाई जा रही होली, रंगों से सराबोर होरियारे

सतना।

रंगों का त्योहार होली आज पूरे जिले में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है लोग एक दूसरे से गले मिल रहे हैं तिलक लगा रहे हैं और होली की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। इस बीच रंगों में रंगे बच्चे और टोलियों में घूम रहे होरियारे पूरी मस्ती के साथ रंगों में डूबे हुए हैं। इसके पहले गुरुवार को शहर से लेकर गांव तक बड़ी संख्या में जगह-जगह होलिका दहन किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक शहरी क्षेत्र में ढाई सौ स्थान पर होलिका जलाई गई। आपको बता दें कि इस बार कई तरह के योग बने हैं। ज्योतिषाचार्य भारत ज्ञान भूषण के अनुसार 13 मार्च को पूर्णिमा प्रातः 10.38 बजे धृति योग,भूल योग,वणिज करण,विष्टि करण,पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रारंभ होकर 14 मार्च, शुक्रवार दोपहर 12.27 बजे तक रहेगी।



#### प्रशासन और पुलिस अलर्ट

होलिका उत्सव और रमजान के महीने को देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। पूरे जिले में जगह-जगह पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। बुधवार से पुलिस पेट्रोलिंग कर रही है।गुरुवार को शहरी क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,नगर पुलिस अधीक्षक और तीनों थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे हैं।शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



## कमिश्नर व आईजी पहुंचे मैहर,माँ शारदा के किये दर्शन

सतना।

रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने मैहर पहुंचकर माँ शारदा के दर्शन किये। इस दौरान कलेक्टर मैहर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।कमिश्नर एवं आईजी ने मैहर शहर का भ्रमण कर होली के त्यौहार को लेकर की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तदुपरांत अधिकारियों ने मैहर जिले के मुकुन्दपुर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ मंदिर में अटका प्रसाद के लिए की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिये।

## विशेष तैयारियाँ: पानी सप्लाई, फायर वाहन एवं कर्मचारी किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम द्वारा सुरक्षा,पानी,साफ-सफाई जैसे विभिन्न व्यवस्थाएँ की गई हैं। होली में पानी की विशेष व्यवस्था हेतु विगत वर्षों की भाँति दिनांक 14 एवं 15 मार्च को अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी ,जिसमें सिविल लाइन टंकी एवं नलकूपों से संबंधित क्षेत्रों में दोपहर 1.30 बजे अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी, साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों में टैंकर के माध्यम से नागरिकों को जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जावेगी जिससे नागरिकों को पानी की कमी न हो। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से आगजनी की दुर्घटनाओं से जान माल के खतरे को रोकने हेतु नगर निगम के तीन उप कार्यालय खिरहनी,माधवनगर व नगर निगम कार्यालय तीनों स्थानों में फायर वाहन की व्यवस्था भी की गईं है ताकि किसी भी प्रकार की आगज़नी की सूचना मिलने पर आग को नियंत्रित किया जा सके।इसके साथ ही शहर में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने शहर में होलिका दहन से किसी भी प्रकार के रोड जर्जर होने जैसी क्षती को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन वाले स्थानों में मिट्टी का उपयोग करने व आवश्यकता होने पर समितियों को मिट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये है

खबर संक्षेप

## पन्ना में श्री जुगल किशोर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का छठा दिन



**पन्ना।** श्री जुगल किशोर जी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन पं. बृजेश जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की विविध लीलाओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। महाराज जी ने महारास, कंस मर्दन, उद्धव चरित्र, रुक्मिणी विवाह और होली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रासलीला भगवान के प्रेम की अभिव्यक्ति है, और कंस मर्दन धर्म की विजय का प्रतीक है। उद्धव चरित्र में भक्ति के आदर्श को प्रस्तुत करते हुए, रुक्मिणी विवाह को दिव्य संयोग के रूप में समझाया। महाराज जी ने होली के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जो आत्मिक शुद्धि का पर्व है। इसी अवसर पर कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी।

## पवई एसडीओपी की कमान राजेन्द्र मोहन दुबे ने संभाली



**सिमरिया।** पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन में पवई एसडीओपी के पद पर राजेंद्र मोहन दुबे ने संभाली कमान। नवागत पवई एसडीपी राजेंद्र मोहन दुबे ने सिमरिया थाने का दौरा किया और संदेश दिया कि भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाए। नवागत पवई एसडीओपी एवं थाना प्रभारी जगतपाल सिंह पुलिस स्टाफ सिमरिया ने सिमरिया थाना नगर में निकाला फ्लैग मार्च। पवई एसडीओपी सौरभ रत्नाकर का स्थानांतरण होने के बाद पवई एसडीओपी की कमान राजेंद्र मोहन दुबे ने संभाली सिमरिया में फ्लैग मार्च निकाला और जनता को यह संदेश दिया होली का त्योहार भाईचारे से मनाए अगर नशे में हो तो बाहन ना चलाएं मानक पदार्थ का उपयोग करें समाज में एक अच्छा संदेश दें सभी लोग भाईचारे से मिलकर होली का त्योहार मनाए जिससे कोई क्षेत्र में अप्रिय घटना ना हो।

## शासकीय हाई स्कूल कुंजवन के छात्र-छात्रों को कराया गया एक्सप्लोजर व्यवसायिक शैक्षिक भ्रमण



**पन्ना।** शासकीय हाई स्कूल कुंजबन के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को कराया गया एक्सप्लोजर व्यवसायिक शैक्षिक भ्रमण। जिसके अंतर्गत ऐतिहासिक कैरी वन कोठी तार फैक्ट्री का अवलोकन और ईट भट्टो का भ्रमण साथ ही धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया जिससे बच्चे व्यावसायिक रोजगार परख शिक्षा से परिचित हो सके और उसकी निर्माण प्रक्रिया से अवगत हो।

## पन्ना के राधिका रानी मंदिर में फाग खेलने का निमंत्रण देने पहुंचे श्रद्धालु सुंदरसाथ

# पूरी रात चलता है फ़ाग उत्सवः सुबह फूलों के साथ गुलाल से खेली गई होली

मध्य प्रदेश में मंदिरों के शहर पन्ना जिले में रंगों के पर्व होली को बड़े ही अनूठे अंदाज में मनाया जाता है। बृज और वृन्दावन की तरह पन्ना में भी कृष्ण भक्ति परंपरा के विशेष त्यौहार होली को धूमधाम से मनाने की परम्परा है। जिसका निर्वहन आज भी उसी तरह किया जाता है।





**पन्ना।**

श्री प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट के सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रणामी सम्प्रदाय के सबसे बड़े तीर्थ पन्ना धाम में किलकिला नदी के निकट एक ओर राधिका रानी का मंदिर है इस परिक्षेत्र को बरसाना कहते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ दूरी पर कृष्ण और कृष्णलीला को केन्द्र में रखकर एक बृह्म चबूतरे की स्थापना है जहां श्री प्राणनाथ श्री कृष्ण की समस्त शक्तियों के साथ पूर्णबृह्म परमात्मा के रूप में विराजमान हैं। इस क्षेत्र को बृजभूमि और परना परम धाम कहते हैं। यहां बृज, बृन्दावन और बरसाने की तरह पारम्परिक होली मनाई जाती है।

**मंदिर में पूरी रात चलता है फ़ाग उत्सव-**

पन्ना स्थित महारानी जी (राधिका जी) मंदिर में होलिका दहन के एक दिन पूर्व बुधवार को जागरण की रात प्रतिवर्ष की तरह मनाई गई। इस दिन श्री महारानी जी (राधिका जी) के मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि में भोग लगने के पश्चात लगभग 10 बजे महारानी के मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालु एकत्रित होने लगते हैं फिर फ़ाग गायन का कार्यक्रम प्रारंभ हो जाता है। गोकुल सकल ग्वालिन, घर-घर खेलें फ़ाग..., बेंदा भाल बन्यो राधा प्यारी को.....तू वेदी भाल न दे रीकृआज के फ़ाग उत्सव में राधिका जी केन्द्र में है। दरअसल यह उन्हे फ़ाग खेलने का निमंत्रण है। दूसरे दिन गुम्बटजी एवं बंगला जी में पुनरू फ़ाग गीतों का गायन होता है। इसके बाद चांदी की पिचकारी से केसर के रंग डाले जाते हैं। परिकल्पना यह है कि यहां राधा और कृष्ण मिलकर परस्पर भाग खेलते हैं। समस्त सुन्दरसाथ सखियों के रूप में गीत गाते हुये इस फ़ाग उत्सव में सम्मिलित होते हैं विशेषकर महिलाएं सोलह सिंगार कर पहुंचती हैं। देर रात तक यहां रंगारंग कार्यक्रम चलता रहा। उत्सव और उल्लास के इस अनूठे आयोजन का हिस्सा बनने के लिये देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पन्ना धाम पहुंचते हैं। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के पन्ना पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

## कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के समर्थन में उतरा लोधी समाज, षडयंत्र पूर्वक बदनाम करने के लगाए, आरोप राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।**

मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान कहे गए कुछ शब्दों को लेकर विपक्ष के द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन कर माफी मांगने इस्तीफा देने या फिर बर्खास्त की मांग उठाई जा रही है। लेकिन इसी बीच लोधी समाज मंत्री प्रहलाद पटेल के समर्थन में उतर आया है आज 13 मार्च 2025 को पन्ना जिले के लोधी समाज के गण नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी ने शांतिपूर्वक कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया है कि 1 मार्च 2025 को ग्राम सुठालिया जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा समाज को आत्मनिर्भरता का संदेश देते हुए जो शब्द कहे गए हैं उन्हें कुछ राजनीतिक दलों के द्वारा तोर मरोड़ कर पेश किया गया है और षडयंत्र पूर्वक मंत्री प्रहलाद पटेल जी को बदनाम किया जा रहा है जिससे संपूर्ण लोधी समाज आहत है। ज्ञापन के माध्यम से षड्यंत्र कार्यों पर तीन दिवस के अंदर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन के दौरान पूर्व सैनिक एवं सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी, वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंगरौल, चंद्रशेखर सिंह लोधी संगठन अध्यक्ष, राकेश सिंह राजपूत सदस्य जिला पंचायत बांदा, संजय सिंह राजपूत, रामधाम सिंह लोधी पूर्व सरपंच, आनंद लोधी क्रांति सेना अध्यक्ष, अरपत लोधी पूर्व सरपंच चंदौरा, सूर्य प्रताप वर्मा, बीपी लोधी, संजय सिंह, कौशल किशोर लोधी सरपंच, महेंद्र सिंह लोधी, लोकेंद्र सिंह राजपूत, ओम लोधी पूर्व सरपंच, अरविन्द लोधी, विकास लोधी, राजकरण सिंह, फूलचंद लोधी, बाबूराम लोधी, राजेंद्र सिंह लोधी मीडिया प्रभारी सहित काफी संख्या में लोधी समाज के लोग शामिल रहे।



## त्यौहारों को लेकर पुलिस प्रशासन हुआ सक्रिय देवेंद्र नगर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**देवेंद्रनगर।**

आगामी होली, धुरेड़ी, रंगपंचमी और रमजान पर्व को देखते हुए पन्ना प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है। पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी एस पी सिंह बघेल, रक्षित निरीक्षक कंवर और थाना प्रभारी रामहर्ष सोनकर के नेतृत्व में देवेंद्रनगर में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने शांति और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की, और गुंडे तथा शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी दी। देवेंद्रनगर क्षेत्र, जो अपनी सौहार्दपूर्ण और भाईचारे की मिसाल के लिए जाना जाता है, में यह फ्लैग मार्च एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसे हर साल त्यौहारों के दौरान किया जाता है। यहाँ सभी समाज के लोग एक दूसरे के साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं, जो प्रदेश में एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। पुलिस प्रशासन ने इस मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की शपथ ली और सभी को शांति से त्यौहार मनाने की अपील की। इसके अलावा, होली के समय बच्चों और युवाओं द्वारा भांग और अन्य नशे का सेवन बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। प्रशासन को खासकर देवेंद्रनगर बांध और नदी जैसे पिकनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखनी होगी, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इन स्थानों पर ड्यूटी बढ़ाई जाएगी ताकि नहाने या पिकनिक के दौरान लापरवाही से कोई दुर्घटना न हो।

## होली से पूर्व हत्या की वारदात से हड़कंप

### निर्माणाधीन मकान में सो रहे शिक्षक की कुल्हाड़ी से हत्या, पड़ोसियों पर आरोप



**पन्ना।**

पन्ना जिले के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम तिंदुनी में एक 50 वर्षीय शिक्षक रामनरेश प्रजापति पिता सलियां प्रजापति की बीती रात अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सोते वक्त धारदार कुल्हाड़ी से निर्दयता पूर्वक हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक रामनरेश प्रजापति के पुत्र भोलानाथ प्रजापति ने बताया कि पिता शहपुरा प्राथमिक शाला में पदस्थ थे, जो रोज की तरह बुधवार को ड्यूटी के बाद शाम को घर लौटे और निर्माणाधीन मकान में बिल्डिंग मटेरियल की देखरेख के लिए सो रहे थे, परिवार के अन्य सदस्य पुराने घर में थे, नए घर में कहीं दरवाजे नहीं लगे थे जिसका फायदा उठाकर देर रात अज्ञात हमलावर ने उनकी गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह परिजनों ने चारपाई पर उनकी रक्तरंजित लाश देखी तो चीख पुकार मच गई और मोहल्ला के लोगों को बताया, जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, और एफ एसएल टीम व डॉग स्क्वायड टीम को बुलवाकर छानबीन की गई। गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे मृतक के शव को शाहनगर में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के पुत्र भोलेनाथ प्रजापति ने गांव के कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने के आरोप लगाए हैं।

## पन्ना पुलिस द्वारा धरमपुर थाना क्षेत्र में अवैध कट्टा कारतूस लिये पाये जाने वाले 1 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पन्ना।**



पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अजयगढ़ श्री आर एस भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध कट्टा कारतूस लिये 01 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा आगामी त्यौहारों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये अवैध अस्त्र/शस्त्रो के निर्माण, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना/चौकी में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 12/03/25 को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी धरमपुर को सूचना दी गई कि धूनीदाई के स्थान के पास आम रास्ता में एक व्यक्ति अवैध कट्टा लिये घूम रहा है। थाना प्रभारी धरमपुर द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशुनासार थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर मुखबिर के बताये हुलिया अनुसार संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा में लिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूँछे जाने के बाद उसकी तलाशी ली गई तो उक्त व्यक्ति की कमर में दाहिने तरफ शर्ट के अन्दर एक अवैध 315 बोर का देशी कट्टा पाया गया उक्त अवैध देशी कट्टा के चेम्बर में एक जिंदा कारतूस होना पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त 315 बोर के अवैध देशी कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस को विधिवत जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना धरमपुर में 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री**

पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस कीमती करीब 5 हजार रूपये का जप्त किया गया है । गिरफ्तार आरोपी - भइयाराम लोध पिता भगवानदीन लोध उम्र 37 साल निवासी ग्राम खोरा

**सराहानीय योगदान**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह, सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. इन्द्रपाल अहिरवार, आर. विनोद सिंह की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## महीनों से खराब हेंडपंप मैकेनिक नहीं उठाता फोन, उपन्यत्री, खानापूर्ति तक सीमित मेंटेनेंस, अधिकारी और ठेकेदार मिलकर कर रहे फर्जीवाड़ा

**पन्ना।** गर्मियां प्रारंभ होते ही पन्ना जिले के कुछ ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पेयजल समस्या से निपटने के लिए बैठकें शुरू कर दी गई हैं इसके अलावा पेयजल समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, लेकिन यह सब कागजी खानापूर्ति तक सीमित है। उदाहरण के रूप में अजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिद्धपुर के पुखरा में डेढ़ माह से खराब पड़े हेंडपंप को देखा जा सकता है। स्थानीय निवासी रिटायर्ड प्रिंसिपल राम किशोर अहिरवार ने बताया



कि पुखरा का हेंडपंप लगभग डेढ़ माह से खराब पड़ा है जिससे लोग काफी दूर से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं। आसपास के लोग इसी हेंडपंप का पानी दैनिक उपयोग में लाते थे साथ ही पशुओं के लिए भी यही पानी उपयोग किया जाता था लेकिन अब पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। श्री अहिरवार ने बताया कि जब हेंडपंप खराब हुआ तभी से उनके द्वारा मैकेनिक को फोन किया जा रहा है लेकिन मैकेनिक फोन रिसीव नहीं करता जिससे उनके द्वारा उपयंत्री को फोन किया गया जो बार-बार अगली तारीख को नल सुधरवाने का आश्वासन देकर टाल देता है जिससे गांव के लोग परेशान हैं। इस प्रकार गर्मियां प्रारंभ होते ही पेयजल संकट उत्पन्न होने लगा है और हेंडपंपों की मेंटेनेंस के नाम पर फर्जीवाड़ा भी शुरू हो चुका है।

## मार्च 2025 से सड़क हादसों के घायलों को मिलेगा मुफ्त इलाज, योजना का पूरे देश में होगा पालन

**पन्ना।** नई दिल्ली भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके तहत सड़क हादसों में घायल हुए व्यक्तियों को अब प्राथमिक इलाज के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। मार्च 2025 से देशभर में लागू होने वाली इस योजना के तहत, सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। यह सुविधा सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में लागू होगी, और इसे पूरी तरह से कैशलेस किया जाएगा।

**सड़क हादसों के बाद तत्काल इलाज की सुविधा-** इस योजना का उद्देश्य सड़क हादसों में घायल हुए लोगों को बिना किसी देरी के इलाज मुहैया कराना है। ऐसा माना जाता है कि सड़क हादसों के बाद ष्गोल्डन ऑवरष यानी पहला घंटा इलाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। अगर इस समय पर इलाज न मिले, तो कई बार घायल व्यक्ति की जान चली जाती है। इस योजना के जरिए सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों को तुरंत और उचित इलाज मिल सके।

**कैसे मिलेगा इलाज ?-** इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति, चाहे वह घायल का परिजन हो या न हो, नजदीकी अस्पताल में घायल को भर्ती करवा सकता है। अस्पताल को बिना किसी शुल्क के तुरंत इलाज शुरू करना होगा। घायलों के इलाज के लिए किसी भी प्रकार की एडवांस फीस की आवश्यकता नहीं होगी। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी पुलिस वाले को यह अधिकार नहीं होगा कि वह घायलों को अस्पताल में भर्ती होने से रोक सके। सरकार इलाज की पूरी लागत, जो 1.5 लाख रुपये तक हो सकती है, सीधे अस्पताल को भुगतान करेगी। अगर इलाज का खर्च इस राशि से अधिक होता है, तो अतिरिक्त खर्च मरीज या उसके परिजनों को उठाना होगा। इस योजना का लाभ पूरे देश के नागरिकों को मिलेगा, चाहे वे किसी भी राज्य में हों।

**पायलट प्रोजेक्ट की सफलता--** इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट पहले छह राज्यों दृ पुडुचेरी, असम, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लागू किया गया था। इस पायलट प्रोजेक्ट में मिली सफलता को देखते हुए, सरकार ने इसे पूरे देश में लागू करने का फैसला लिया। पायलट प्रोजेक्ट में यह देखा गया कि सड़क हादसों में घायल हुए लोग बिना किसी शुल्क के इलाज पा रहे थे और अस्पतालों में भर्ती होने के लिए परिजनों की आवश्यकता नहीं थी।

**केंद्र सरकार का खर्च और अपेक्षित लाभ-** इस योजना को लागू करने के बाद सरकार पर हर साल करीब 10,000 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है, लेकिन यह खर्च घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए बेहद आवश्यक है। सड़क हादसों में हर साल लाखों लोग घायल होते हैं और इलाज की उच्च लागत के कारण कई लोग सही समय पर इलाज नहीं करवा पाते, जिससे उनकी जान चली जाती है।

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की घोषणा-** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (डवत्ज्भ्) ने इस योजना की घोषणा 7 जनवरी 2025 को की थी और इसे मार्च 2025 से पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया। यह योजना न केवल भारत के नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत है, बल्कि यह सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### विद्युत खंभे से टकराया ट्रक, लाइन टूटकर खेत में गिरी, फसल जलकर खाक



**बमीठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झमटुली निवासी एक व्यक्ति के खेत में खड़ी फसल में ट्रक की टक्कर से विद्युत लाइन टूटने से आग लगने के कारण लगभग 40 बोरा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार किसान जगदीश पटेल तनय महादेव पटेल झमटुली का खेत कोडन हार में है। उसके खेत में गेहूं की सूखी फसल खड़ी थी। उसके खेत के पास से निकली पर भूसे से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से टकरा गया जिससे विद्युत की 11 केव्ही की लाइन टूटकर जगदीश पटेल के खेत में जा गिरी और विद्युत की चिंगारी से उसकी गेहूं की सूखी फसल में आग लग गई जिससे किसान की लगभग दो एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। वहीं पुलिस ने ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर ट्रक जब्त कर लिया है।

### गेहूं उपार्जन के लिए किसान जल्दी कराएं पंजीयन

**छतरपुर।** रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जाना है। कृषकों के पंजीयन के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियो एवं विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एम.पी. किसान एप पर निःशुल्क कराया जा सकता है। साथ ही एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, सीएससी केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। किसान भाईयों से अपील की गई है कि समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय करना चाहते है। तो अपना पंजीयन निर्धारित तिथि से पहले करालें। समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल बोनस सहित 2600 रूपए मिलेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पंजीयन सशुल्क कराने पर 50 रूपए शुल्क निर्धारित की गई है।

### 171 रोगियों का नेत्र परीक्षण कर 30 को ऑपरेशन हेतु भेजा चित्रकूट



**छतरपुर।** नगर के सिद्ध पीठ श्री महालक्ष्मी मंदिर परिसर में नगर अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 171 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें 30 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित होने पर उन्हें ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेज दिया गया। नगर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी अग्रश्री परमलाल अग्रवाल एवं उनकी पत्नी रामकली देवी की स्मृति में उनके पुत्र बृजकिशोर अग्रवाल, पत्नी उषा अग्रवाल, नाती हैप्पी अग्रवाल के सहयोग से आयोजित शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए डॉ अरविन्द मिश्रा और डॉ मनीष यादव सहित 10 सदस्यीय टीम ने आंखों के 171 मरीजों का परीक्षण किया।

## लोगों के जीवन में खुशियों का रंग लाती है होली: पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

# बागेश्वर धाम में फूलों की होली के साथ हुआ तीन दिवसीय महा महोत्सव का आगाज

### पहले दिन की होली धाम के सेवादारों को रही समर्पित, महाराज श्री ने बनवाये विशेष व्यंजन

छतरपुर



**सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में बुधवार की रात से तीन दिवसीय होली महा महोत्सव की शुरुआत हो गई। पहले दिन फूलों की होली खेली गई। पहले दिन की होली बागेश्वर धाम में दिन रात सेवा देने वाले सेवादारों को समर्पित रही। बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह सनातन की होली है। होली लोगों के जीवन में रंग घोलने का काम करती है। महाराज श्री छोटे-छोटे बच्चों को स्नेह और आशीर्वाद देने के साथ ही अठखेलियां भी करते नजर आए।**

भगवान बालाजी को गुलाल अबीर समर्पित करने के साथ ही तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत हुई बागेश्वर महाराज ने कहा कि सनातन धर्म हम सबको एकजुट करने का माध्यम है। हमारे त्योहार आपस में मेल मिलाप बढ़ाने की शिक्षा देते हैं। उन्होंने कहा कि होली जीवन में उत्साह और उमंग का रंग घूमती है उन्होंने देश भर के लोगों को होली की शुभकामनाएं दें बुधवार रात बागेश्वर धाम में फूलों के होली खेली गई। पहले दिन की होली धाम के दिन रात कार्य कर रहे तीन सैकड़ा से अधिक सेवादारों को समर्पित की गई। महाराज श्री ने सभी सेवादारों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके लिये विशेष व्यंजन बनवाये। उन्होंने बुंदेलखंड के महाकुंभ के रूप में हुए विशाल आयोजन में दिन-रात सेवा करने पर सेवादारों का धन्यवाद भी दिया।

### चित्रलेखा जी के भजनों ने किया मंत्र मुग्ध, बागेश्वर धाम बना वृंदावन

होली के रंग बालाजी के संग के भाव से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जानी मानी कथा वाचिका चित्रलेखा जी ने बागेश्वर धाम में भजनों की ऐसी प्रस्तुतियां दी कि समूचा बागेश्वर धाम श्री धाम वृंदावन के रूप में प्रतीत होने लगा। उनके भजन ऑन में धाम में उपस्थित हजारों लोगों का सैलाब झूमने लगा चित्रलेखा जी ने श्याम चंदा है श्यामा चकोरी गीत से अपनी वाणी शुरू की। इसके बाद उन्होंने कारे को लाल बना रही रे बरसाने वाली, डारो डारो रे रंग बनवारी पर, होली पर तबाही मच जाएगी, मेरी बीती उमरिया सारी, होरी खेले रघुवीरा अवध में जैसे लोकप्रिय भजनों के प्रस्तुति में सबको भाव विभोर कर दिया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। महाराज श्री श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाते रहे।

### महाराज श्री की नजर ने एक गरीब बालक को दिया बड़ा मंच

धाम में जब चित्रलेखा जी की भजनों की प्रस्तुति हो रही थी और फूलों की होली खेली जा रही थी तभी महाराज श्री की नजर बिहार के गोपालगंज से आए उस गरीब बालक पर पड़ी जो मंच के पास ही खड़ा था। महाराज श्री ने तत्काल सेवादारों से 10 साल के बालक को मंच पर बुलवाया और होली के गीतों में उसे घूमने तथा अपने भाव प्रकट करने का अवसर दिया। आयुष हरिजन नाम का यह बालक अपने आप को अत्यंत सौभाग्यशाली मान रहा था। बालक ने कहा कि महाराज श्री के दर्शन करने वह अपने परिवार के साथ यहां आया है। महाराज श्री ने आयुष को कुछ धनराशि, एक अचला, नई तोलिया देते हुए आशीर्वाद दिया। आयुष फ़टी तोलिया लिए था महाराज श्री ने तुरंत सेवादार को आदेश दिया इस बालक को एक नई तोलिया दो।

# बाईपास निर्माण कंपनी के कर्मचारियों की गुंडागर्दी

### मजदूर ने लगाए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप

### पीड़ित मजदूर ने पुलिस को दिया शिकायती आवेदन



**हरपालपुर।** नगर में बाईपास का निर्माण कार्य चल रहा है कंपनी के कर्मचारियों के रवैये से मजदूर वर्ग परेशान है इसके पूर्व भी एक मजदूर ने कलेक्टर, एसपी से शिकायत की थी लेकिन इन कंपनी के कर्मचारियों पर कार्यवाही नहीं हुई। अब कंपनी के दूसरे मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

### ये है पूरा मामला

थाना हरपालपुर क्षेत्र के अंतर्गत सरसेड़ रोड पर बाईपास निर्माण का कार्य कम्पनी कर रही है। इस कंपनी में काम करने वाले मजदूरों के साथ कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। मजदूरों को गाली-गलौच कर जान से मारने तक की धमकी दी जा रही है जिसकी शिकायत मजदूर ने थाना पुलिस से की है। पीड़ित मजदूर महेश तनय राजाराम विश्वकर्मा निवासी बड़ामलहरा और उसका साथी रघुनाथ आदिवासी तनय शंकर लाल निवासी घघरी जिला सोनभद्र ने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए कंपनी पर गम्भीर आरोप लगाते हुए बताया है कि सनल इंफ्रा कंपनी एलएलपी के क्वाटर में रहता है मैं और साथी पैसे के हिसाब को लेकर आपस में बात चीत कर रहे थे। इस बीच बुधवार की रात करीबन 10:30 बजे के लगभग कंपनी में कार्यरत कर्मचारी सत्येंद्र सिंह व इसके एक साथी ने कमरे में आकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी जब मुझे बचाने साथी रघुनाथ आया तो उसके साथ भी इन लोगों द्वारा मारपीट कर दी गई। इसके बाद सुबह थाने आकर शिकायत की है।

### इनका कहना है

पीड़ित मजदूर ने शिकायती आवेदन देकर कंपनी के कर्मचारी पर मारपीट के आरोप लगाए हैं, हम जांच कर कार्यवाही करेंगे।

**पुष्पक शर्मा, टीआई**

# जेल पहुंचे कुजूर आत्महत्या काण्ड की आरोपी आशीराजा एवं सोनू ठाकुर

### एक दिन की रिमाण्ड के बाद न्यायालय में किया गया पेश







**छतरपुर।** पिछले 7 दिनों से छतरपुर सहित पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बने टीआई अरविंद कुजूर आत्महत्या मामले में लंबी विवेचना और दर्जन भर से अधिक संदेहियों से पूछताछ के बाद आखिरकार मामले की मुख्य आरोपी आशी ठाकुर और उसके कथित प्रेमी सोनू ठाकुर को अदालत ने जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को शहर के ओरछा रोड थाना में प्रमुख संदेही आशी राजा और उसके साथी सोनू ठाकुर पर आत्महत्या के लिए उकसाने, जबरन वसूली और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने इन्हें बुधवार को ही विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह के न्यायालय में पेश किया गया था जहां से पुलिस को गुरूवार की दोपहर 2 बजे तक की रिमाण्ड मिली थी। गुरूवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को दोबारा विशेष न्यायाधीश की अदालत में दोपहर 2 बजे पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से नगदी, सोने-चांदी के जेवर सहित गाडिय़ां भी जब्त की हैं।

आशी राजा और उसके साथी सोनू ठाकुर पर दर्ज एफआईआर के मुताबिक इन दोनों आरोपियों ने टीआई अरविंद कुजूर को आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और बलात्कार का मामला दर्ज कराने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया था। इसी से तंग आकर 6 मार्च को टीआई कुजूर ने पेप्टेक टाउन कॉलोनी में स्थित अपने किराए के मकान में सर्विस पिस्टल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी आशीराजा के पास से टीआई अरविंद कुजूर द्वारा गिफ्ट की गई सामग्री सोने का नेकलेस, इयर रिंग्स, अंगूठी, डेढ़ लाख का बैग, मोबाइल, सफारी एवं स्विफ्ट कार, नगदी जब्त की है। वहीं आरोपी सोनू ठाकुर के पास से सोने की चैन, मोबाइल एवं रूपए जब्त किए गए हैं।

### क्या ड्रग और लेनदेन मामले की जांच होगी?

पुलिस ने टीआई कुजूर मामले में भले ही मुख्य आरोपियों आशीराजा और सोनू ठाकुर को जेल भेज दिया हो लेकिन इस मामले की विवेचना के दौरान जो तथ्य सामने आए हैं उन तथ्यों के हिसाब से पुलिस ने अदालत के सामने जब्ती प्रस्तुत नहीं की है। यह बात पहले दिन से ही सामने आ रही थी कि टीआई अरविंद कुजूर आत्महत्या काण्ड में एमडी ड्रग के सेवन और इसके विक्रय से जुड़ा नेटवर्क भी शामिल रहा है। इसके साथ ही पुलिस ने लगभग 15 लोगों से पूछताछ कर यह कहा था कि पुलिस आशीराजा, सोनू ठाकुर की संपत्तियों की जांच कर रही है। पुलिस को यह भी शक है कि राहुल शुक्ला जैसे सट्टा कारोबारियों के पास भी अरविंद कुजूर का पैसा था लेकिन पुलिस ने फिलहाल अवैध लेनदेन, ड्रग कनेक्शन से जुड़े दोनों महत्वपूर्ण विषय अपनी एफआईआर में छोड़ दिए हैं। आरोपी आशीराजा के वकील रवि पाण्डेय ने पुलिस की एफआईआर पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि यह एफआईआर सिर्फ पुलिस महकमा अपनी नाक बचाने के लिए कर रहा है जबकि कुजूर आत्महत्या काण्ड की वजह अवैध लेनदेन और एमडी का नशा हो सकता है। इस मामले में अब 27 मार्च को अगली सुनवाई होगी।

# 40 लाख रूपए के तीन हजार अफीम के पौधे पुलिस ने जब्त किए, एक आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी फूलचंद कुशवाहा हत्या के अपराध में पूर्व से लिप्त

**छतरपुर।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। छतरपुर पुलिस द्वारा विगत महीनों में एनडीपीएस में 61 प्रकरण एवं आबकारी में 2000 से अधिक प्रकरण दर्ज किये गए हैं। 51 कुंतल अफीम के पौधे, 755 किलोग्राम गांजा, 5 सैकड़ा से अधिक शीशी नशीली सिरप, दो-दो सैकड़ा से अधिक नशीली टैबलेट, इंजेक्शन, 13500 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया है। थाना बमीठा पुलिस को चौकी चंदनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहारपुरा में एक खेत में अवैध तरीके से मादक पदार्थ अफीम के पौधे लगे होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने खेत पर जाकर देखा, एक व्यक्ति खेत की रखवाली कर रहा था। विधिवत कार्यवाही करते हुए तलाशी ली गई। खेत में 2000 स्क्वायर फीट में क्यारियां बनी हुई थी, जिसमें अवैध तरीके से मादक पदार्थ अफीम के पौधे डोडे सहित लगे हुए थे। खेत में लगे 3000 अफीम के पौधों वजन करीब 68 किलो ग्राम कीमत करीब 40 लाख रुपए एकत्र कर बोरियों में भरकर जप्त किया गया। अवैध तरीके से मादक पदार्थ अफीम की खेती करने वाले आरोपी फूलचंद्र कुशवाहा पिता किशोरी लाल निवासी ग्राम बहारपुरा थाना बमीठा को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बमीठा में एनडीपीएस एक्ट (स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, अभियुक्त हत्या के अपराध में पूर्व से लिप्त है। विवेचना कार्यवाही जारी है। एनडीपीएस के संबंध में एक सूचना और प्राप्त हुई है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।




उक्त कार्यवाही में एसडीओपी खजुराहो प्रभार नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बमीठा आशुतोष श्रोत्रिय, चौकी प्रभारी चंदनगर शैलेंद्र चौरसिया, चौकी प्रभारी सीलोन ख्रिस्टोफर टोप्पो, प्रधान आरक्षक सुरविंद्र सिंह, रामकृपाल, राजेश पटेल, राजेश पाठक, आरक्षक अरविंद, अखिलेश, उदयवीर, राम बहादुर, निकेश एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ हुआ महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन



खजुराहो।

महाशिवरात्रि महोत्सव की चतुर्थ संध्या पर पाहिल वाटिका के मुक्ताकाशी मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देश के अनेक प्रांतों से आए कवि और कवयित्रियों ने हास्य श्रंगार वीर रसों की कविताओं से कवि सम्मेलन का समां बांध दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। हाथरस से आए कवि पद्म अलबेला तथा रायसेन भोपाल से आए कवि नीतेश व्यास, राजीव शुक्ला की रचनाओं ने श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। वहीं खजुराहो के वीर रस कवि इन्द्रजीत विरल तथा कानपुर के डॉक्टर अर्पित बाजपेयी की ओजस्वी व देशप्रेम की कविताओं ने श्रोताओं को बांधे रखा तो प्रतापगढ़ की कवियित्री प्रीति पाण्डेय एवं प्रियंका मिश्रा कटनी ने श्रंगार रस की एक से बढ़कर रचनाओं का कविता पाठ कर समां बाध दिया प्रवेश तिवारी ने श्रंगार के मुक्तक त डॉक्टर देवदत्त द्विवेदी ने बुन्देली की एक से बढ़कर एक रचनाओं का कविता पाठ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी उर्फ पप्पू अवस्थी व मुख्य नगर परिषद अधिकारी बसंत चतुर्वेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मंच से महिला शक्ति का सम्मान किया गया जिसमें समाजसेविका श्रीमती मयंका गौतम की पूरी टीम, कवयित्री नम्रता शुक्ला व ब्रह्माकुमारी आश्रम से बहिनों एवं खजुराहो पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजीव शुक्ला के सदस्यों के साथ डॉ अजित जादौन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर के साथ नगर परिषद के पार्षद गण व कर्मचारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओजस्वी कवि अभिषेक अरजरिया व आभार सुरेन्द्र खरे द्वारा किया गया।

# खनिज माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन छतरपुर की एक बार फिर बड़ी कार्यवाही

### कलेक्टर ने 24 लोगों के विरुद्ध 7 लाख से अधिक राशि का अर्थदंड लगाया

### खनिज के अवैध परिवहन और भंडारण करने पर हुई कार्यवाही

### जिला प्रशासन की एक के बाद एक लगातार कार्यवाहियां जारी

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विगत बुधवार को 24 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 7 लाख 26 हजार 750 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशनन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

## रंगों का पर्व होली आज, धार्मिक स्थलों में भी पहुंचेंगे हुर्रयारे

# रमजान का शुक्रवार और होली एक दिन होने से पुलिस रहेगी चौकस

छतरपुर।



रंगों का पर्व होली आज मनाई जाएगी। पूर्णिमा से रंगपंचमी तक पांच दिवसीय इस पर्व में खासतौर से बुन्देलखण्ड में दो दिनों तक रंग महोत्सव आयोजित होता है। धार्मिक स्थलों में भी हुर्रयारों की टोलियां जाती हैं। रमजान का जुमा और होली एक ही दिन होने के कारण पुलिस काफी चौकस और चौकन्ना रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस ने तैयार रहने का दावा किया है।

पूर्णिमा के दो दिनों तक रंगों का पर्व होली मनाया जाता है। प्रथमः एवं द्वितीया को विशेष पर्व होता है। सुबह से ही लोग रंग-गुलाल लगाने का सिलसिला शुरू कर देते हैं। वैसे तो छोटे बच्चों को छोड़कर अन्य लोग अपने आसपास मौजूद मंदिरों में जाकर भगवान को अबीर-गुलाल लगाने के साथ अन्य लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हैं। कई ऐसे लोग भी हैं जो विभिन्न धार्मिक स्थलों से ही त्यौहार की शुरूआत करते हैं। रंगों का पर्व होली हो और लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल न लगाएं तो त्यौहार अधूरा सा रहता है। लोगों ने पहले से ही इस त्यौहार को मनाने की तैयारियां कर ली हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में सुबह से मिट्टी, कीचड़ और गोबर की होली खेली जाती थी और दूसरे वक्त रंगों की होली लोग खेलते थे मगर अब सिर्फ रंगों की होली खेली जाती है। होली के त्यौहार में उपयोग होने वाली सामग्री बाजार में पटी है। दुकानें पूरी तरह से त्यौहार के लिए सजकर तैयार हो गई हैं। लोग पहले की अपेक्षा अब हर्बल रंग और गुलाल का उपयोग करते हैं। कुछ ऐसी ही सामग्री बाजार में मिलती है जिसका चेहरे पर कुप्रभाव पड़ता है इसलिए त्यौहार को त्यौहार की तरह मनाकर बुरा प्रभाव डालने वाली सामग्री का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### शांति से त्यौहार मनाएं, असामाजिक तत्वों पर नजर रखें: विदिता डागर

नवागत एएसपी विदिता डागर ने लोगों से अपील की है कि वे शांतिपूर्वक रंगों के पर्व को मनाएं। यदि समाज में कोई असामाजिक तत्व समाज को प्रभावित करने वाली गतिविधियां करता है तो उस पर नजर रखें और उसके बारे में सूचना निकट के थाने में दें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा कर अवैधानिक गतिविधियां संचालित करने वालों पर कड़ी कार्रवाही की जाएगी। मीडिया से चर्चा करते हुए विदिता डागर ने बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार वाहन चैकिंग अभियान चल रहा है, शराब सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन पर भी विशेष गौर किया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति नशा कर वाहन चलाता है या फिर नशे में धुत होकर समाज की शांति में खलल डालता है तो यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आज बंद रहेगा व्हाइट टाइगर सफारी

**रीवा।** होली के अवसर पर 14 मार्च को महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। संचालक व्हाइट टाइगर सफारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मार्च को मुकुन्दपुर जू पूर्व निर्धारित समयानुसार पर्यटकों के भ्रमण हेतु खुला रहेगा।

### रीवा जिले में आज बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 14 मार्च को होली पर्व अर्थात जिस दिन रंग खेला जायेगा, पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 मार्च को संपूर्ण रीवा जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क दिवस पर कम्पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस, वाईनआउटलेट, देशी मदिरा भण्डारागार एवं देशी मदिरा वॉटलिंग यूनिट बंद रहेंगी। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 942 हितग्राही हुये लाभान्वित

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार कटनी जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, गुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपराँध, कुठिया मेहगवां, बस्न गेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में निर्धारित थीम श्नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवायें' अनुसार शिविर का आयोजन बुधवार 12 मार्च को किया गया। शिविर में जन्म लिये नवजात शिशु एवं शिशुओं में होने वाले रोगों से बचाव व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं उचित आहार-विहार, दिनचर्या के लिए प्रेरित किया गया एवं निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 942 हितग्राहियों को लाभांवित किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने बताया है कि इस तरह के शिविर का आयोजन आयुष विभाग द्वारा जिले भर में किया गया है।

### स्लीमनाबाद महाविद्यालय में सतत मूल्यांकन परीक्षा

**कटनी।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत प्रचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। कला एवं विज्ञान विषय के स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का जैविक खेती का पाठ्यक्रम के अनुसार विषय की समझ गुणवत्ता को परखनेके लिए सतत मूल्यांकन पद्धति के अंतर्गत लिखित परीक्षा ली गई।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 15 मार्च से शुरू

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य आगामी 31 मार्च तक समस्त कार्य दिवसों में (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जायेगा। किसानों की सुविधा हेतु 600 से अधिक एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर पर एवं लोकसेवा केन्द्रों पर निजी संस्थाओं के माध्यम से पंजीयन किए जा रहे हैं। गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च नियत की गई हैं। जिले के 72 गेहूं उपार्जन केन्द्रों में 15 मार्च से गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो रहा है, जो 5 मई तक चलेगा। इस वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए तय किया गया है एवं राज्य शासन द्वारा किसानों को 175 रुपए प्रति क्विंटल के मान से बोनस का भुगतान किया जायेगा।

---

### नियमित जाँच और अंगदान को बढ़ावा देने का किया आह्वान

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ, किडनी रोगों से बचें: उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी रोगों से बचा जा सकता है। विश्व किडनी दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों से किडनी रोगों के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के प्रमुख कारण हैं। इसके नियंत्रण के लिए समय पर जांच और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं लेकिन अधिक मात्रा में पानी पीने से बचें। अपने आहार में किडनी के लिए अनुकूल फल और सब्जियाँ शामिल करें और भोजन में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और मसालों का प्रयोग करें। नियमित रूप से व्यायाम करें और धूम्रपान व शराब के सेवन से बचें। साथ ही, चीनी और नमक के अधिक सेवन से परहेज करें ताकि किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित न हो। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और सभी नागरिकों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार किडनी रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और डायलिसिस सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 67 डायलिसिस इकाइयाँ कार्यरत हैं, जहाँ 325 डायलिसिस मशीनों के माध्यम से मरीजों को राहत दी जा रही है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक 5058 मरीजों ने इन सेवाओं का लाभ लिया, और इस अवधि में 1,76,975 डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। सभी शासकीय चिकित्सालयों में गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेवा सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है, जिससे राज्य स्तर से सभी डायलिसिस इकाइयों पर निगरानी रखी जा रही है उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में मधुमेह और उच्च रक्तचाप से ग्रस्त सभी मरीजों की नियमित सीकेडी जांच सुनिश्चित की जा रही है, ताकि इस बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में पहचाना और नियंत्रित किया जा सके। सभी चिकित्सकों को भी इस विषय में जागरूक किया जा रहा है कि वे उच्च जोखिम वाले मरीजों की समय पर पहचान कर उचित मार्गदर्शन दें।उन्होंने नागरिकों से अंगदान को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार अंग प्रत्यारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं पर कार्य कर रही है, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को नया जीवन मिल सके। दर्द निवारक दवाओं का अधिक सेवनः दर्द कम करने वाली एनाल्जेसिक दवाएं अत्यधिक उपयोग से किडनी को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के इनका लंबे समय तक सेवन न करें। अधिक नमक का सेवनः ज्यादा नमक या सोडियम युक्त आहार से रक्तचाप बढ़ता है और किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए नमक की जगह जड़ी-बूटियों और मसालों का उपयोग करें। प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थः अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड में सोडियम, चीनी और अस्वास्थ्यकर वसा अधिक होती है, जिससे किडनी रोग का खतरा 24ऽ तक बढ़ सकता है। इनकी जगह ताजा और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ अपनाएं। कम पानी पीनाः शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा न होने से किडनी विषाक्त पदार्थों को ठीक से बाहर नहीं निकाल पाती, जिससे क्षति का खतरा बढ़ जाता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खासकर गर्म मौसम में या अधिक शारीरिक गतिविधि करने पर। नींद की कमीः अच्छी नींद संपूर्ण स्वास्थ्य और किडनी के सुचारू कार्य के लिए आवश्यक है। नींद-जागने का चक्र किडनी के कार्यभार को नियंत्रित करता है, जिससे शरीर में संतुलन बना रहता है। अत्यधिक मांस का सेवनः प्रोटीन जरूरी है, लेकिन अधिक मात्रा में मांस खाने से किडनी पर दबाव बढ़ सकता है। संतुलित आहार का पालन करें और अपनी प्रोटीन आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। अत्यधिक चीनी खानाः अधिक चीनी मोटापे को बढ़ाती है, जिससे उच्च रक्तचाप और मधुमेह का खतरा बढ़ता दोनों किडनी रोग के प्रमुख कारण हैं। धूम्रपानः धूम्रपान न केवल हृदय और फेफड़ों के लिए बल्कि किडनी के लिए भी हानिकारक है। धूम्रपान करने वालों में मूत्र में प्रोटीन बढ़ने की संभावना अधिक होती है, जो किडनी खराबी का संकेत हो सकता है। अत्यधिक शराब सेवनः ज्यादा शराब पीने से किडनी के कार्य प्रभावित होते हैं, जिससे शरीर में पानी का संतुलन बिगड़ सकता है और रक्तचाप बढ़ सकता है, जो किडनी रोग का प्रमुख कारण है। निष्क्रिय जीवनशैलीः नियमित व्यायाम से वजन, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को संतुलित रखा जा सकता है, जिससे किडनी को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। लंबे समय तक बैठे रहने से बचें और शारीरिक गतिविधि को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

---

## होली में पुलिस की सख्त निगरानी, 25 फिक्स प्वाइंट और मोबाइल टीम रहेंगी सक्रिय, नशे में वाहन चलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

रीवा



होली के त्योहार को लेकर पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे त्योहार को सौहार्दपूर्ण और शांति से मनाएं। पुलिस की निगरानी इस बार काफी कड़ी रहेगी, और पूरे जिले में 25 प्रमुख स्थलों पर स्थिर प्वाइंट बनाए गए हैं। साथ ही एक दर्जन मोबाइल पुलिस टीम भी शहर और गांवों में लगातार सक्रिय रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो सके। इस बार पुलिस का मुख्य ध्यान नशे में वाहन चलाने और होली के दौरान हुड़दंग करने वाले लोगों पर रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने विवेक सिंह स्पष्ट रूप से कहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, प्रमुख स्थानों पर चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा। पुलिस ने होली के दौरान किसी भी विवाद को टालने के लिए आदतन अपराधियों और गुंडा बदमाशों की निगरानी तेज कर दी है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है, वे होली के मौके पर अपने घर लौट सकते हैं। ऐसे अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और यदि वे पकड़े जाते हैं, तो उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में निगरानी रखें और विवादित स्थानों पर विशेष चौकसी बढ़ाएं। थाना प्रभारी आदतन अपराधियों की जांच करेंगे और उनकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा, पुलिस ने शहर के विभिन्न मस्जिदों में जाकर मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात की और उनसे अपील की कि वे होली के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद से बचने के लिए सहयोग करें। बता दे कि इस बार होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन, यानी शुक्रवार को पड़ने के कारण पुलिस ने खास सतर्कता बरतने का निर्णय लिया है। जुम्मे की नमाज के समय बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने जाएंगे, और ऐसे में होली के रंगों के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने मस्जिदों में जाकर मुस्लिम समाज से सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की है। पुलिस ने लोगों से यह भी आग्रह किया है कि अगर वे किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय स्थिति देखते हैं, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## रहस्यमय तरीके से लापता हुआ युवक मिला, परिजन लगा रहे थे अपहरण का आरोप, लड़की बनकर करता था लड़कों से बात, पुलिस ने खोला राजमंनगवा के मानिकवार चौकी क्षेत्र से सामने आई थी घटना

रीवा



जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के मनिकवार चौकी के अंतर्गत एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया था, जिसमें युवक की अपहरण की सूचना के बाद पुलिस की तलाश के दौरान एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। बता दे युवक का लापता होना, जो कि पहले पुलिस और परिजनों के लिए एक पहेली बन गया था, अब एक अजीबोगरीब कहानी बन चुका है। पुलिस ने युवक को घर के पास ही एक खंडहर नुमा मकान से बरामद किया और उसकी पूछताछ के दौरान उसने अपने लापता होने का कारण और सच उगल दिया। मिली जानकारी अनुसार घटना की शुरुआत 9 मार्च को हुई, जब विपिन रजक उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम अमिलिया चौकी मनिकवार अचानक लापता हो गया। उसके परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए मनिकवार चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी,जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने इलाके में गहन जांच की और बुधवार को युवक को घर के पास स्थित एक खंडहरनुमा मकान में छिपा हुआ पाया। युवक से पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को बताया कि उसकी लापता होने की पूरी कहानी झूठी थी। दरअसल, वह एक लंबी अवधि से लड़की बनकर लड़कों से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। युवक ने यह भी खुलासा किया कि वह इंस्टाग्राम पर गांव की लड़कियों की तस्वीरें भेजता था और उन्हें डीपी पर लगाता था। युवक ने बताया कि 9 मार्च को विपिन रावत, जो कि डेल्ही ग्राम का निवासी है, उसके पास मोबाइल पर बात करने आया था। दोनों की बातचीत के दौरान विपिन ने अचानक उसका मोबाइल छीन लिया और भागने लगा। युवक ने बताया कि वह विपिन का पीछा करता हुआ उसी दिशा में चल पड़ा, लेकिन तभी वह लापता हो गया। इसके बाद विपिन रावत ने युवक के मोबाइल को लेकर कुछ समय तक उसे छुपाए रखा। विपिन रावत की तलाश के बाद पुलिस ने उससे भी पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि विपिन रजक से उसकी ऑनलाइन बातचीत होती थी, और वह लड़की बनकर उससे संपर्क करता था। साथ ही वह लड़कियों की तस्वीरें भेजता था और कभी-कभी पैसे भी मांगता था। हालांकि, वह कभी मिलने नहीं आया, जिससे नाराज होकर विपिन रावत ने युवक का मोबाइल छीन लिया और उसके बाद वह लापता हो गया। इस घटना के बाद पुलिस ने बिपिन रावत से युवक का मोबाइल जब्त किया और उसकी गहन पूछताछ की। पुलिस की टीम ने युवक को खोज निकाला और अब वह पूरी घटना की तह तक पहुंचने के लिए जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि युवक ने पूरी सच्चाई कबूल की है और अब वह मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी। मनिकवार पुलिस अब युवक से आगे की पूछताछ कर रही है और मामले में अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## ऑटो में जेब काटकर पैसे चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार अमहिया पुलिस ने ऑटो सहित दो बदमाशों को पकड़ा

रीवा





शहर के अमहिया थाना पुलिस ने ऑटो में सवार यात्रियों की जेब काटने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है,बता दे कि बदमाश बड़े ही शातिर तरीके से ऑटो में सवारी करने वाले यात्रियों के जेब से पैसे पार करते थे। मार्च माह में अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दो घटनाएं घटित हुई थी जिसके बाद पुलिस सक्रिय होकर लगातार शातिर चोरों की तलाश कर रही थी, जिसके इस शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में अमहिया पुलिस को सफलता मिली है, अमहिया पुलिस से मिली जानकारी अनुसार करीब एक साल पूर्व 7 मार्च को पीड़ित वृद्ध हर प्रसाद त्रिपाठी 74 वर्ष निवासी महिया थाना रायपुर कर्चुलियान ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आटो में उनके जेब से आटो सवार बदमाशों ने पैसा से भरा पर्स सहित आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सहित दस्तावेज चोरी कर भाग गए थे,अमहिया पुलिस घटना के बाद लगातार घटना मे शामिल चोरों की तलाश कर रही थी जिसके बाद बुधवार को पुलिस ने आटो चालक व उसके साथी को मामले में गिरफ्तार किया। बताया गया कि पकड़े गए आरोपियों ने दूसरी घटना 19 अगस्त को की थी जिसमे कि दिवाकर प्रसाद द्विवेदी 38 वर्ष निवासी दुवगवां दुवान थाना मऊगंज के जेब से आरोपियों ने पैसे चोरी किए थे,पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी साबिर अली पिता सौकत अली उम्र 26 वर्ष निवासी श्रम कल्याण के पास थाना सिटी कोतवाली व राज कुमार उर्फ गुड्डू यादव पिता हीरालाल यादव 35 वर्ष को गिरफ्तार कर आटो सहित 14 हजार रुपए नकद जब्त किए है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेजा गया है।



## ई-आफिस कार्य प्रणाली के संबंध में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

रीवा

समस्त कार्यालय में 31 मार्च तक ई-आफिस कार्य प्रणाली लागू किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये हैं। जिला ई-दक्ष केन्द्र में जिले के विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-आफिस संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गतदिवस कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-आफिस कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। इसी क्रम में 17 मार्च से 20 मार्च तक विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्य प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि स्वयं एवं अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर अनिवार्यतः प्रशिक्षण प्राप्त करें।



## ग्राम पंचायत कोलहा में टूटे पुल से ग्रामीणों में आक्रोश, 2 साल से नहीं हुआ निराकरण

मऊगंज

हनुमाना तहसील के ग्राम पंचायत कोलहा में स्थित नहर के पुल के टूट जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लगभग दो वर्ष पहले टूटे इस पुल के कारण ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सिंचाई विभाग के एसडीओ और इंजीनियर को कई बार आवेदन दिए, साथ ही जिला अधिकारियों के पास भी शिकायत भेजी, लेकिन अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर जल्द ही पुल का मरम्मत कार्य नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।इसके अलावा, ग्रामीणों का सवाल यह है कि हर वर्ष मेंटेनेंस के लिए सरकार द्वारा जो राशि दी जाती है, वह कहां जाती है? और सिंचाई विभाग में मेंटेनेंस के कार्य किसे सौंपे जाते हैं? ऐसे में अगर सिंचाई विभाग की जांच हो तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## मऊगंज के युवक ने सेकेंड चांस ने शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में मारी बाजी

### जिले के पकरा के हर्षित मिश्रा को मिला प्रथम पुरस्कार, फिल्म में जीवन के संघर्ष और संवेदनशीलता को दिखाया

**मऊगंजः** जिले मे एक से एक प्रतिभावान भरे पडे है इसी कड़ी मे फिल्म सेकेंड चांस को लेकर सुर्खियों में आए जिले के सबसे उपेक्षित गांव के एक लाल की कहानी भी कुछ इस तरह है। दरअसल, जिस धरा से अभिनेता हर्षित मिश्रा पिता अशोक कुमार मिश्रा संबंध रखते हैं, वहां आजादी के 76 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं का टोटा है। इसके बावजूद हर्षित ने अभिनय के माध्यम से समाज को आईना दिखाने के लिए संघर्षों और परेशानियों से जंग लड़ते हुए फिल्म के क्षेत्र में झंडे गाड़ते हुए ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।






अभिनेता का मूल गांव पकरा जहां है, वहां के हालात अगर जाकर कोई देख ले तो वो खुद को कोसता नजर आएगा,लेकिन यहां सबसे बड़ी बात यह है कि हर्षित के जुनून और हौसलों को देखकर साफ जाहिर होता है कि कला और हुनर किसी का मोहताज नहीं होते। फिल्म समाज का आईना होती हैं। हर्षित की फिल्म सेकेंड चांस में परिवर्तन की कहानी को बयां किया गया है। साथ ही जीवन के संघर्ष, संदेश और संवेदनशीलता को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया गया है। गौरतलब है कि ग्वालियर में उक्त समारोह का आयोजन सतपुड़ा चलचित्र समिति और विश्व संवाद केंद्र मध्यप्रदेश द्वारा किया गया था। इधर, हर्षित की उपलब्धि पर विंध्य की जनता अपने आप को गौरवंवित मान रही है। वहीं हर्षित के बाबा श्रीनिवास मिश्रा कहते हैं कि मेरे नाती ने जो किया है, वह अकल्पनीय है। लेकिन ये उसकी लगन और मेहनत का फल है। हम बहुत खुश हैं।73 फिल्मों का प्रदर्शनग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टवल में चार श्रेणी (कैटेगरी) शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, कैंपस फिल्म और रील्स कैटेगरी की 73 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया था। जिसमें डाक्यूमेंट्री कैटेगरी में प्रथम 'सेकेंड चांस फिल्म निर्माता हर्षित मिश्रा को चुना गया। जहां प्राख्यात अभिनेता समर जय सिंह, फिल्म निर्माता विनोद तिवारी, प्राख्यात फिल्म निर्देशक देवेंद्र मालवीय, वीक्रांत विवि की कुलगुरु और सतपुड़ा चलचित्र समिति के अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने हर्षित को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपए दिए।गांव के युवाओं को आना होगा आगे...वहीं एक खास चर्चा में अभिनेता हर्षित मिश्रा ने कहा कि समाज में जिस तरह से बदलाव आया है, आज की फिल्मों में भी यह दिखाई दे रहा है। पहले एक खास वर्ग के फिल्म निर्माताओं ने हमारे वास्तविक इतिहास को छिपाया और समाज को भ्रमित करने का प्रयास किया गया। हमारा प्रयास है कि इस फिल्म को देखर गांव के युवा अधिक से अधिक इस क्षेत्र में आगे आएंगे।